# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–18 अक्टूबर 2024** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश विधानसभा की नौ सीटों के लिये उप–चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि नामांकन 25 अक्तूबर तक भरे जा सकेंगे। मतदान तेरह नवम्बर को होगा।

***जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे, उनमें कटेहरी, करहल, मीरापुर, कुंदरकी, फूलपुर, सीसमऊ, गाजियाबाद, मझावां और खैर शामिल हैं। इन 9 सीटों में से सीसमऊ को छोड़कर आठ सीटें यहां के विधायकों के लोकसभा चुनाव में सांसद चुने जाने के बाद खाली हो गई थीं। सीसमऊ में एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए गए समाजवादी पार्टी विधायक इरफान सोलंकी की अयोग्यता के कारण उपचुनाव हो रहा है। इस उपचुनाव में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी और प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के बीच सीधा मुकाबला है। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

उधर, भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव आयोग से विधानसभा उप चुनाव की तिथियों में परिवर्तन का अनुरोध किया है। पार्टी के एक प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सम्बोधित एक पत्र अपर मुख्य चुनाव अधिकारी को सौंपते हुए आग्रह किया है कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को देखते हुए उप चुनाव के मतदान की तारीख तेरह नवम्बर के स्थान पर बीस नवम्बर किया जाना चाहिए। कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व पन्द्रह नवम्बर को है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी बीस अक्तूबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वह सिगरा में संपूर्णानंद स्टेडियम के दूसरे और तीसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। सिगरा स्टेडियम में इनडोर और आउट–डोर दोनों खेलों की सुविधाएं हैं। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार की अध्यक्षता में आज वाराणसी में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुयी। इस दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों को पूरी तन्मयता से तैयारी करने के लिये निर्देशित किया। डीजीपी प्रशान्त कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की कोताही न बरतने के निर्देश दिये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में किये जा रहे प्रयासों, परिणामों और भावी नीतियों पर बातचीत की। बैठक में मुख्यमंत्री ने विकास के सभी सेक्टरों में जारी कार्यों की समीक्षा की और उसकी गति को तेज करने के लिये अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हमारी नीति और नियोजन सही दिशा में है। जरूरत इसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करने की है। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों की निरन्तर निगरानी का निर्देश दिया और इसके लिये साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक बैठक करने की सलाह दी।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बाल विवाह निषेध अधिनियम को व्यक्तिगत कानूनों द्वारा बाधित नहीं किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा है कि बाल विवाह जीवन साथी स्वंय चुनने की इच्छा का उल्लंघन करते हैं। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने देश में बाल विवाह की रोकथाम कानून के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए।

**********

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोरखपुर ने प्रदेश में डैश बोर्ड रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है। गोरखपुर में स्वीकृत आवासों के सापेक्ष निन्यानबे दशमलव पांच छः प्रतिशत आवास पूर्ण किये गये हैं। जिले के मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना ने बताया कि इस योजना के तहत कुछ ही आवास अपूर्ण हैं, जिन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करा लिया जायेगा।

**********

इण्डिया हेण्डमेड कार्पेट के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये भदोही में वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय इण्डिया कार्पेट एक्सपो सम्पन्न हो गया है। इसमें सड़सठ देशों के पांच सौ विदेशी क्रेता और उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। इस एक्सपो में देश के लगभग तीन सौ कालीन निर्यातकों ने स्टॉल लगाकर कालीनों का प्रदर्शन किया।

**********

कुशीनगर जिले के पडरौना में दो रिंग रोड बनाये जाएंगे। इस पर सौ करोड़ रूपये की धनराशि खर्च होगी। कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दुबे ने आज संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि पडरौना नगर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सरस्वती चौक से मिश्रौली तक और सरस्वती चौक से सिधुवा रेलवे क्रासिंग तक रिंग रोड की स्वीकृति एनएचएआई ने दे दी है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रोड की लंबाई साढ़े नौ किलोमीटर है।

**********

बाराबंकी में सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैयद कुर्बान अली शाह की स्मृति में आयोजित होने वाले दस दिवसीय देवा मेले की आज शुरूआत हो गयी। इस मेले में तरह–तरह की खेल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। ऑल इण्डिया मुशायरे का आयोजन भी किया जायेगा। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि मेले में आने वाले लोगों की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

**********